भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या **834**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 29 नवंबर, 2024/8 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**आंध्र प्रदेश में एसएसपी उर्वरक की गुणवत्ता**

**834. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) उर्वरक की गुणवत्ता में सुधार करने और डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के विकल्प के रूप में इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक कृतिक बल का गठन किया है;

(ख) यदि हां, तो कृतिक बल द्वारा क्या सिफारिशें की गई हैं और उन्हें कार्यान्वित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) डीएपी के विकल्प के रूप में एसएसपी के बारे में आन्ध्र प्रदेश में किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या आंध्र प्रदेश में विशेषकर व्यस्ततम कृषि मौसमों के दौरान वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए एसएसपी उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति और वितरण किया जा रहा है; और

(ड.) आन्ध्र प्रदेश में किसानों को डीएपी के स्थान पर एसएसपी के रूप में परिवर्तित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रदान किए गए किन्हीं अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहनों अथवा राजसहायता का ब्यौरा क्या है और किसानों के लिए उन तक पहुंच हेतु पात्रता मानदंड क्या हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

---

**(क) और (ख):** उर्वरक विभाग ने उर्वरक प्रबंधन कार्य दल 2024 का गठन किया, जो विशेष रूप से राज्यों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उर्वरकों की समय पर खरीद में तेजी लाने और प्राथमिकता के आधार पर उर्वरकों की राज्य विशिष्ट मांग और आपूर्ति की निगरानी के मुद्दों से निपटता है। कंपनियों को राज्यों के साथ निकट समन्वय करके एसएसपी सहित वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने और उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा की खरीद करने की सलाह दी गई थी।

**(ग) और (घ):** उपलब्धता के मुद्दों का समाधान करने और वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग पर उन्हें सलाह देने के लिए राज्यों के साथ नियमित बैठकें की गई हैं। रबी मौसम (1.10.2024 से 25.11.2024) के दौरान आंध्र प्रदेश में एसएसपी की पीओएस बिक्री पिछले रबी मौसम में इसी अवधि के लिए 26,496 मीट्रिक टन की तुलना में 32,389 मीट्रिक टन है। आज की तारीख में आन्ध्र प्रदेश में एसएसपी का स्टाक 55,910 मीट्रिक टन है जो सहज है।

**(ड.):** सरकार ने फास्फेटयुक्त एवं पोटाशयुक्त (पीएण्डके) उर्वरकों के लिए दिनांक 01.04.2010 से पोषकतत्व आधारित सब्सिडी नीति कार्यान्वित की है। इस नीति के अंतर्गत, अधिसूचित पीएण्डके उर्वरकों पर उनकी पोषकतत्व मात्रा के आधार पर वार्षिक/अर्ध-वार्षिक आधार पर तय की गई सब्सिडी की एक नियत राशि प्रदान की जाती है। खरीफ मौसम 2024 के लिए एनबीएस स्कीम के तहत एसएसपी पर सब्सिडी 4804 रुपये/एमटी थी जो रबी मौसम 2024-25 के लिए बढ़कर 5121 रुपये/एमटी हो गई है। इसके अतिरिक्त, इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, एसएसपी को खरीफ, 2022 से मालभाड़ा सब्सिडी प्रणाली के तहत शामिल किया गया है।

**********